वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(क) भई, सूरज में भई शब्द किस प्रकार का है?

(1) औपचारिक

(2) आदरसूचक

(3) श्रद्धासूचक

(4) आत्मीय

(ख) इस कविता में किसे जगाने के लिए कहा गया है?

(1) जो थककर सो गया है

(2) जिसे सपने देखना अच्छा लगता है

(3) जो बैठा बैठा **ऊँघता** है

(4) जो सच से बेखबर है

(ग) निम्न में से सही जोड़ी पर निशान लगाओ ।

(1) पंछी जगाना

(2) हवा हिलाना

(3) सूरज गाना

(4) हवा चिल्लाना

(घ) कवि ने सही वक्त पर जगाने की बात क्यों कही है?

(1) दिन का समय गुजर जायेगा

(2) फिर उसके जागने का फायदा नहीं होगा

(3) वह पिछड़ जायेगा

(4) वह आलसी बन जाएगा

(ङ) कविता में क्षिप्र किसे बताया गया है?

(1) जो घबराकर भागता है

(2) जो तेज रफ्तार से चलता है

(3) जो अवसर को नहीं चूकता

(4) जो क्षण भर को सजग रहता है

(च) कवि ने जगाने का अनुरोध सूर्य पवन और पक्षी से किया है क्योंकि -

(1) प्राकृतिक है

(2) क्रियाशील है

(3) प्रगतिशील है

(4) अनुभवी है

(द) इसे जगाओ कविता में कवि ने कैसे शब्दों का प्रयोग किया

(1) संस्कृतनिष्ठ

(2) चमत्कारिक

(3) अलंकारिक

(4) बोलचाल के

प्रश्न—

प्र.1 इस कविता में कवि ने किस–किस से सोए हुए आदमी को जगाने का आग्रह किया है? और क्यों?

प्र. 2 बेवक्त जागने का परिणाम क्या होता है ?

प्र. 3 जो सच से बेखबर सपनों में खोया पड़ा है व्यक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4 निम्न पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

क्षिप्र तो वह है

जो सही क्षण में सजग हैं।

प्र. 5 इस कविता का मूल संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

प्र. 6 भवानी प्रसाद मिश्र की भाषा पर टिप्पणी लिखिए?

प्र. 7 इसे जगाओं कविता में कवि सोए हुए को जगाने का अनुरोध क्यों करता है?